प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.02.2026 15:00 बजे

विधानसभा सत्र

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र कल से शिमला में शुरू हो रहा है। सत्र की शुरूआत राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण से होगी। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज शिमला में पत्रकार वार्ता में बताया कि पहले चरण में सत्र की 3 बैठकें होंगी और अन्य बैठकों को लेकर बाद में निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी तक विधायकों की ओर से विधानसभा सचिवालय को एक सौ 25 प्रश्न प्राप्त हुए हैं जिनमें से एक सौ 11 तारांकित और 14 लिखित प्रश्न शामिल है। पठानिया ने कहा कि नियम 102 के तहत भी नोटिस मिला है। उन्होंने बताया कि आरडीजी पर चर्चा के लिए सरकार की ओर से नोटिस दिया गया है और इस पर प्रमुख्ता से चर्चा की जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि नियम–67 के तहत भी ध्यानाकर्षण प्रस्ताव आए हैं। बजट सत्र से पहले कल ही विधानसभा अध्यक्ष ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है। उन्होंने सभी सदस्यों से सत्र के संचालन में रचनात्मक सहयोग की अपील की है।

विधायक दल

इस बीच बजट सत्र के दौरान रणनीति बनाने के लिए कल सुबह कांग्रेस और भाजपा विधायक दलों की अलग–अलग बैठकें होंगी। कांग्रेस विधायक दल की बैठक मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में होगी। बैठक में कांग्रेस विधायक दल राजस्व घाटा अनुदान– आर.डी.जी. सहित अन्य मुद्दे पर सत्र के लिए अपनी रणनीति तैयार करेगा।

दूसरी ओर भाजपा विधायक दल की बैठक नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में सुबह 11 बजे होगी। इसमें विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरने के लिए रणनीति बनाई जाएगी।

पीएम राहत स्कीम

केंद्र सरकार ने सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल में भर्ती और उन्हें इलाज की गारंटी देने के लिए पीएम राहत स्कीम को मंजूरी दे दी है। इस स्कीम में किसी भी तरह की सडक पर दुर्घटना की स्थिति में सात दिन तक के इलाज के लिए डेढ लाख रुपये तक के नकदी रहित इलाज का खर्च सरकार उठायेगी। केंद्रीय सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार इस स्कीम से यह सुनिश्चित होगा कि सडक दुर्घटना के बाद तुरंत इलाज न मिलने के कारण किसी की जान न जाने पाए। मंत्रालय के अनुसार, सरकार अस्पतालों को मोटर वाहन दुर्घटना कोष से भुगतान करेगी। देश में प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटनाओं में काफी संख्या में लोगों की मौत तत्काल इलाज न मिल पाने के कारण हो जाती है।

महाशिवरात्रि

महाशिवरात्रि का पर्व आज देश व प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। भगवान शिव के भक्तों के लिए

सबसे पवित्र माने जाने वाले इस दिन उपवास, विशेष प्रार्थनाएं और मंदिरों में रात भर पूजा–अर्चना की जाती है। प्रदेश के सभी शिवालयों में सुबह से ही विशेष पूजा अर्चना की जा रही है और भगवान शिव के भजनों से सारा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लोगों को शिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये पर्व लोगों के जीवन में खुशहाली और प्रसन्नता लाएगा।

मंडी–शिवरात्रि

उधर मण्डी जनपद के आराध्य देव, बड़ा देव कमरूनाग के मंडी में आगमन के साथ ही कल से शिवरात्रि महोत्सव में पारम्परिक धार्मिक अनुष्ठानों की शुरूआत हो गई। हालांकि आधिकारिक रूप से मंडी का अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव कल 16 फरवरी से शुरू हो रहा है जो 22 फरवरी तक चलेगा। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे जबकि समापन अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल शिरकत करेंगे। इस वर्ष का मंडी शिवरात्रि महोत्सव ऐतिहासिक रूप से बहुत खास है, क्योंकि इस वर्ष इस महोत्सव के आयोजन के 5 सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे मंडी जिला संवाददाता –––––– ''48''

देव कमरूनाग के मंडी नगर में आगमन के साथ ही छोटी काशी में अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हो गया है। पारंपरिक वाद्ययंत्रों और भक्तों के जयकारों के बीच देव कमरूनाग की पालकी जैसे ही मंडी पहुंची, पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। देव कमरूनाग को मंडी जनपद के प्रमुख आराध्य देवताओं में विशेष स्थान प्राप्त है और उनके आगमन को शिवरात्रि उत्सव की शुरुआत का संकेत माना जाता है। इस वर्ष मंडी का शिवरात्रि महोत्सव ऐतिहासिक रूप से बेहद खास है, क्योंकि 2026 में इस आयोजन के 500 वर्ष पूरे हो रहे हैं। पांच सदियों से चली आ रही यह परंपरा आज भी देवसमागम और लोक आस्था का सबसे बड़ा उत्सव बनी हुई है। इस बार मेले में 216 से अधिक देवी–देवताओं को आमंत्रित किया गया है, जो सप्ताह भर मंडी में प्रवास करेंगे। आकाशवाणी शिमला के लिए मंडी से मैं मुनीष सूद।

टी–20 क्रिकेट

पुरुष टी–20 क्रिकेट विश्व कप में आज शाम भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। यह मैच कोलंबो में शाम सात बजे से खेला जाएगा। टी–20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ 7–1 के शानदार रिकार्ड के साथ भारतीय क्रिकेट टीम आज होने वाले मुकाबले में पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ उतरेगी। इस विश्व कप में लगातार दो मुकाबले जीत कर दोनों टीमें 4–4 अंकों के साथ आमने–सामने होंगी, जिससे यह टक्कर और भी रोमांचक बन गई हैं।

––